हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

14 विधायक संपत ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, आगामी कार्ययोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा



14 जर्जर हो चुके भवन के पुनर्निर्माण के लिए विधायक को ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### भतीजे ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम तोषगांव में एक व्यक्ति के साथ उसके भतीजे ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को विजय प्रधान निवासी ग्राम तोषगांव ने बताया कि वह घर के बाड़ी की ओर नाली रहा है। तरफ मैं नाली बना रहा हूं, जिसे उसके भतीजा पुष्पकांत प्रधान के द्वारा मना किया जाता है। साथ ही उसका दीवार खड़ा कर रहा है। प्रार्थी ने 24 अक्टूबर की शाम करीबन 04.30 बजे उसके पास जाकर दीवार खड़ा करने के लिए मना किया। इसी बात से नाराज होकर आरोपी पुष्पकांत प्रधान के द्वारा गाली गलौच कर वहीं पास में रखे ईंट से पैर में मार दिया व जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला समूह ने पकड़ी शराब, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम भोकलूडीह के महिला समूह ने एक महिला के पास से महुआ शराब बरामद किया है। घटना की सूचना मिलने पर सांकरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम भोकलूडीह के महिला समूह के अध्यक्ष तिलोतमा साहू एवं सदस्यों के द्वारा ग्राम भोकलूडीह में कार्तिक मोती साहू के द्वारा अवैध रूप से हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब पकड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रार्थिया तिलोतमा साहू के रिपोर्ट पर आरोपि कार्तिकमोती साहू पति श्यातम लाल साहू (53 साल) ग्राम भोकलूडीह थाना सांकरा के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही आरोपी महिला के कब्जे 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमती 1400 रुपये को बरामद किया।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन संबंधी पुराने लेनदेन को लेकर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामला ग्राम चारभांठा का है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध सांकरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी उदल बेहरा पिता सिरपति बेहरा (35 साल) चारभांठा ने बताया कि 26 अक्टूबर को सुबह करीब 9 बजे वह खेत में काम करने के लिए मोटर सायकल से जा रहा था, उसी समय हमारे गांव के रामो भोई एवं उसके लड़के राजेश भोई ने मिलकर पुराने जमीन लेनदेन संबंधी बातों को लेकर अपने घर से निकल कर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे डंडे से सिर एवं पीठ में मारपीट किये हैं। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# प्रक्रिया में बदलाव के साथ आगामी 15 नवंबर से खरीदी की तैयारी शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी की प्रक्रियाओं में विभिन्न बदलावों के साथ आगामी 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत होगी। जिसके लिए जिले भर के 182 धान खरीदी केंद्रों में व्यापक तैयारियां जारी है। धान खरीदी की प्रक्रिया सहित सहूलियतों का सीधा फायदा किसानों को होगा। धान खरीदी को तेज और पूर्णतः खरीदी के उद्देश्य से ये बदलाव होने की बात सामने आई है।

मिली जानकारी के अनुसार, टोकन जारी करने से पहले पुराने निरस्त टोकन की एंट्री पहले करनी होगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान अपनी निर्धारित मात्रा में धान की बिक्री सीमित प्रयासों में पूरी कर सकें। छोटे किसानों से दो बार में तथा बड़े किसानों से अधिकतम तीन बार में खरीदी होगी।

हालांकि, खरीदी की मात्रा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की तय सीमा के अनुसार ही रहेगी। बता दे कि जिले में 1.62 लाख पंजीकृत किसान हैं, जिनमें से 1,29,649 का डाटा कैरी फारवर्ड हुआ। 32,351 का डाटा शेष है। 2,030 नए किसान जुड़े। 6,809 किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन बाकी है।

## किसानों को अधिकतम तीन टोकन की सीमा तय, पूर्ण खरीदी का लक्ष्य तय

### अधिकतम तीन टोकन की सीमा

धान खरीदी को लेकर जारी नए दिशा-निर्देशों में टोकन प्रणाली में एक बड़ा बदलाव किया गया है। अब किसानों को धान बेचने के लिए अधिकतम तीन टोकन ही जारी किए जाएंगे, और इसमें निरस्त किए गए टोकन भी शामिल होंगे। इस प्रावधान के तहत, किसान को मिलने वाले किसी भी टोकन के निरस्त होने पर भी उसकी गणना तीन की सीमा में की जाएगी।



### 78 दिन चलेगी खरीदी, तैयारियों में प्रशिक्षण पर जोर

धान खरीदी की प्रक्रिया 15 नवंबर से शुरू होकर अगले वर्ष 31 जनवरी तक, यानी लगभग 78 दिनों तक चलेगी। इस लंबी अवधि में खरीदी को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन और सहकारी बैंक पूरी तरह मुस्तैद हैं। तैयारियों के तहत, समिति प्रबंधक और ऑपरेटरों की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस प्रशिक्षण में टोकन व्यवस्था, एग्रीस्टेक पोर्टल के उपयोग, खरीदी केन्द्रों पर बारदाने की उपलब्धता, नमी मापक यंत्रों के उपयोग और स्टॉकिंग तथा परिवहन की समुचित व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

**निर्माण:** बेलसोंडा में ओवरब्रिज का निर्माण, जद में आए 35 विद्युत पोल

# विद्युत पोलों की शिफ्टिंग अटकी, रेलवे से अनुमति मिलने का है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेलसोंडा में ओवरब्रिज निर्माण की जद में आए विद्युत पोलों की शिफ्टिंग, रेलवे से अनुमति नहीं मिलने से अटक गई है। पटरी के पास के ही पोलों की शिफ्टिंग होने के बाद निर्माण कार्य में तेजी आएगी। बताया जाता है कि रेलवे से अनुमति मिलने के बाद भीतर से गई विद्युत लाइन शिफ्टिंग की जाएगी। इसके बाद ही पिलर के सामने से पोल हटाए जाएंगे। विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विद्युत पोल शिफ्टिंग अंतिम चरण में है। आस-पास स्थित ज्यादातर पोल हटाए जा चुके हैं।



वहीं दूसरी ओर एक नई लाइन बिछाई गई है। रेलवे से अनुमति मिलने के बाद पुरानी लाइन को बंद कर नई विद्युत लाइन से विद्युत आपूर्ति प्रारंभ होगी। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 35 विद्युत पोल प्रभावित हुए हैं। विद्युत विभाग के ईई पीआर वर्मा ने बताया कि विद्युत लाइन शिफ्टिंग चल रही है। शिफ्टिंग का कार्य अंतिम चरण में है। नई विद्युत लाइन बिछाई गई है। नेशनल हाइवे के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे से अनुमति मिलने के बाद शेष बचे विद्युत पोलों को भी हटा दिया जाएगा।

### हर 15 मिनट में लगता है जाम

रेलवे क्रासिंग पर प्रतिदिन जाम लग रहा है। आने-जाने के लिए दोनों क्रासिंग पर जाम लग जाता है। हर 15 मिनट में क्रासिंग बंद हो चता है। कई वाहन नांदगांव जाने वाले मार्ग पर जाते हैं। इस कारण वाहन क्रॉस करने में दिक्कत होती है। आरओबी निर्माण के बाद इस मार्ग पर आवागमन में सहूलियत होगी। दो फाटक बनने से कुछ राहत जरूर मिली है।

### 58 करोड़ की लागत से बन रहा ब्रिज

बेलसोंडा में ओवरब्रिज का निर्माण 58 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। वर्तमान में पिलर निर्माण कार्य तेजी है। मेसर्स खलातकर कंस्ट्रक्शन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेट नागपुर की कंपनी ब्रिज का निर्माण कार्य कर रही है। ब्रिज की कुल लंबाई 1230 मीटर है। पुल की लंगाई 72 मीटर और पुल की चौड़ाई 14 मीटर होगी। बेलसोंडा ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी आई है। ब्रिज को मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। ओवरब्रिज के साथ ही सर्विस रोड भी बनाया जाएगा। सर्विस रोड की लंबाई रायपुर की ओर से 1554 मीटर और महासमुंद की ओर से 736.424 मीटर होगा।

# बंदूक व चाकू की नोंक पर लूटपाट को अंजाम देने वाले तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली में हुई लूटपाट की सनसनीखेज वारदात को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर सुलझाते हुए इमें शामिल तीनों आरोपियों जिन्होंने बंदूक और चाकू की नोंक पर युवक से लूट की थी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 23 अक्टूबर शाम करीब 4.30 बजे की है। सरायपाली के एक अस्पताल में फार्मासिस्ट के रूप में कार्यरत बलौदा निवासी बसंत कुमार साहू पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने पहुंचे थे। उसी दौरान बाइक ओडी 03 ए 1453 में सवार तीन युवक अजित लाला, हिमांशु सोना और दीपक डड़सेना वहां पहुंचे। इनमें से अजित के पास एक छोटी बंदूक और हिमांशु के पास चाकू था। दोनों ने बसंत को जबरन पेट्रोल पंप के वाशरूम में ले जाकर धमकाया और 500 रुपए नकद लूट लिए। इसके बाद और पैसे मांगने पर बसंत ने ऑनलाइन भुगतान की बात कही। जिस पर आरोपियों ने पेट्रोल पंप के बारकोड से 250 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराकर कर्मचारियों से नकद रकम लेकर फरार हो गए।

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 25, 27, 309(4) व 311 के तहत मामला दर्ज किया। तथा मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 अक्टूबर को दो आरोपियों सुमीत उर्फ हिमांशु सोना (24) निवासी वार्ड-10 बाजार पारा और दीपक डड़सेना (20) निवासी वार्ड-6 इस्लाम मोहल्ला को गिरफ्तार कर लिया। तीसरे आरोपी लाला उर्फ अजीत चौहान (23) निवासी वार्ड-9 झिलमिला को 25 अक्टूबर को दबोच लिया गया।



थाना प्रभारी शशांक पौराणिक ने बताया कि आरोपियों ने नशे के लिए लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस तीनों के आपराधिक रिकार्ड भी खंगाल रही है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवियों ने कवि सम्मेलन में गुदगुदाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के मेघ-बसंत कॉलोनी में गोवर्धन पूजा के दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें हास्य, ओज, श्रृंगार सहित सभी रसों में कविताएं सुनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित कवि चिराग जैन दिल्ली और शालीन हास्य के साथ अपनी श्रृंगारिक रचनाओं के लिए राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवियित्री मनीषा शुक्ला ने अपनी कविताओं से खूब समां बांधा।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले नगर के प्रसिद्ध गजलकार और गीतकार अशोक शर्मा की रचनाओं ने भी श्रोताओं को प्रभावित किया। मेघ-बसंत कॉलोनी के संचालक धरमचंद, राजेश और ऋषभ श्रीमाल ने प्रबुद्ध श्रोताओं के लिए कॉलोनी में समय-समय पर इस तरह के सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। अशोक शर्मा ने दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि जले खुशी के दीप सभी घर, आंगन में खुशहाली हो की प्रस्तुति दी। अपनी चुटीली हास्य रचनाओं और टिप्पणियों के अलावा रामायण के विभिन्न प्रसंगों को भावपूर्ण कविताओं में प्रस्तुत करने चिराग जैन ने शुरूआती दौर में मजेदार हास्य रचनाओं की प्रस्तुति दी। उनकी प्रसिद्ध हास्य रचना "जब सब्जी मंडी में प्रेमिका मिली" ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। बाद के दौर में उन्होंने "पुरूषोत्तम" में श्रृंखलाबद्ध लक्ष्मण मूर्छा और भरत का परिताप शीर्षक रचनाओं का अनूठा पाठ किया। भरत का परिताप रचना में भरत के कैकेयी के प्रति क्रोध के विभिन्न भावों को कविता में पिरोते हुए चिराग जैन ने पढ़ा तो श्रोतागण रोमांचित रह गए।

इस मौके पर रायपुर के पूर्व विधायक और महापौर स्वरूप चंद जैन, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, निर्मला श्रीमाल, रंजना जैन, कविता श्रीमाल, डॉ. राजू मेमन, हुकुम शर्मा, कोमाखान, शायर हबीब समर बागबाहरा, गुमान चंद जैन, मानिकपुरी, भागवत जगत सहित अन्य मौजूद रहे। दिल्ली की मनीषा शुक्ला ने शुरूआती दौर में शालीन हास्य की बेहतरीन पंक्तियां सुनाई। मैचिंग वाला पति और हर पत्नी की पसंद नोटा जैसी हास्य रचना प्रस्तुत की।

# विशाखापट्टनम में ट्रक ड्राइवर की निर्मम हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- ग्राम भूकेल का है ट्रक चालक, 12 अक्टूबर की है घटना

जिले के ग्राम भूकेल के एक ट्रक ड्राइवर, मेराज हुसैन (28 वर्ष), की विशाखापट्टनम में बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज वारदात 12 अक्टूबर की रात को विशाखापट्टनम से लगभग चार किलोमीटर पहले, आउटर साइड के एक सुनसान स्थान पर हुई।

मृतक मेराज हुसैन सरायपाली के भोज अग्रवाल के ट्रक का चालक था। और 11 अक्टूबर की रात को ईंट लेकर भूकेल स्थित घर से विशाखापट्टनम गया था। ट्रक को विशाखापट्टनम के ऑटो नगर स्थित एक स्टील प्लांट में मॉल खाली करना था। लेकिन, 12 अक्टूबर की रात हुई हत्या के बाद, ट्रक दो दिनों तक उसी स्थान पर खड़ा रहा और मेराज का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था। ट्रक मालिक भोज अग्रवाल को शक हुआ। उन्होंने जीपीएस लोकेशन से ट्रक की जानकारी ली और विशाखापट्टनम के ट्रांसपोर्टर को मौके पर भेजा। ट्रांसपोर्टर ने ट्रक के अंदर मेराज हुसैन का शव पड़ा हुआ पाया, जो दो दिन पुराना होने के कारण शव सूज गया था। परिजनों ने विशाखापट्टनम पहुंचकर स्थानीय पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। हत्या के बाद आरोपी मेराज का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, मेराज के मोबाइल नंबरों पर निगरानी रखी और क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जैसे ही आरोपियों ने मोबाइल फोन चालू किया, उसकी लोकेशन सरायपाली क्षेत्र में ट्रेस हुई। विशाखापट्टनम पुलिस ने तुरंत सरायपाली पहुंचकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से दोनों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इंदल पाल (23 वर्ष), निवासी बैदपाली रोड झिलमिला (सरायपाली), और रति नायक (28 वर्ष), निवासी ताज नगर सरायपाली, के रूप में हुई है।



पूछताछ में दोनों आरोपियों ने हत्या की वारदात स्वीकार कर ली है। जानकारी के अनुसार, ओडिशा-आंध्र सीमा पर एक होटल के पास दोनों आरोपियों ने मेराज हुसैन की ट्रक में लिफ्ट मांगी थी। पोस्टमार्टम के बाद मेराज हुसैन का शव परिजनों को सौंपा गया, जिसका अंतिम संस्कार गुरुवार को भूकेल के मुस्लिम कब्रिस्तान में किया गया। पुलिस की तत्परता से इस अंधे कत्ल की गुत्थी जल्द ही सुलझ गई है।

### खेत में पलटा ट्रैक्टर, किसान की दबकर मौत

**महासमुंद।** जिले के बसना थाना क्षेत्र के भंवरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम कुरमाडीह में हुए दर्दनाक हादसे में खेत जा रहे किसान की ट्रैक्टर पलट गई जिसमें दबकर किसान की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुरमाडीह निवासी किसान बृजलाल पिता अमर सिंह चौहान (42) बुधवार की सुबह करीब 7.20 बजे अपने आयशर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीडी 5895 से खेत की ओर जा रहा था। वह जब कुरमाडीह से बरभांठा जाने वाले कच्चे मार्ग पर स्थित छोटी डोंगरी तरफ ट्रैक्टर की एक्सीलेटर दबा कर स्पीड से चढ़ा रहा था, तभी ट्रैक्टर अचानक पीछे की ओर लुढ़क गया। नियंत्रण खोने से ट्रैक्टर पलटते हुए खेत में जा गिरा। जिससे बृजलाल चौहान ट्रैक्टर के नीचे दब गया। जिससे किसान के सिर, पीठ, हाथ पैर में गंभीर चोटें आईं। पास के ग्रामीणों ने जब दुर्घटना की आवाज सुनी तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने अन्य ट्रैक्टर से बड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को उठाकर गंभीर रूप रूप से घायल किसान को बाहर निकाला। परिजनों व ग्रामीणों ने तुरंत बृजलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना पहुंचाया। लेकिन, चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही भंवरपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चीर घर बसना भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। भंवरपुर चौकी पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना करने में जुटी हुई है।

### रुपए के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** रुपए के लेनदेन को लेकर ग्राम बूटीपाली में दो पक्षों के बीच विवाद, मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को हेमकुमार साहू पिता जीतराम साहू (28 साल) निवासी ग्राम बूटीपाली चौकी भंवरपुर थाना बसना ने बताया कि आरोपी अजय साहू पिता मानसाय निवासी पीपरभवना एवं करन मनहर पिता शिवकुमार मनहर ग्राम गाडापाली के द्वारा बीच-बीच में मेरे घर आकर उधार पैसा मांगने के नाम पर गाली गलौज किया जाता था। 24 अक्टूबर को भी लगभग5.30 बजे के आसपास आरोपी अजय साहू एवं करन मनहर उसके घर आकर गाली गलौच किया जा रहा था। जिसकी जानकारी उसकी पत्नी रूधा साहू ने फोन कर उसे दी। जब प्रार्थी घर पहुंचा तब अजय साहू ने उसे देखते ही कालर को पकड़कर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के अजय कुमार साहू पिता मानसाय साहू (28 साल) निवासी ग्राम पिपरभवना थाना सरसीवां जिला सारंगढ बिलाईगढ़ निवासी ने पुलिस को बताया हेमकुमार साहू पिता जीतराम साहू ग्राम बूटीपाली के जेसीबी गाड़ी को वह किराये पर चला रहा था। हेमकुमार साहू के द्वारा अपने जेसीबी के किराये के लेन देन में गड़बड़ी होने पर गांव के सरपंच के समक्ष 5 सितंबर को हिसाब-किताब किया गया, जिसमें हेमकुमार उसे 58000 रुपए का देनदार है और उक्त रकम को दो माह के भीतर वापस करने का वादा किया था। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी हेमकुमार के द्वारा रकम को वापस नही किया गया है। जब उसने 24 अक्टूबर की सुबह करीब 8-9 बजे हेमकुमार को पैसा मांगा, तब उसने शाम को घर आकर पैसा लेने की बात कही, जिसके कहने पर वह अपने दोस्त करन मनहर के साथ ग्राम बूटीपाली हेमकुमार साहू के गांव आया और उसके घर के सामने करीब 5.30 बजे रोड में खड़े थे, तब हेमकुमार साहू, मनहरण साहू,जीतराम साहू, संजय साहू आये और मुझे पैसा मांगने आया है कहकर गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। जब उसके साथी करन मनहर बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी मारपीट की।

**सूर्य उपासना के इस कठिन व्रत को लेकर दिखा उत्साह**

# नगर में आज व्रती महिलाएं अस्त होते सूर्य को देंगी अर्घ्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के तीसरे दिन सोमवार को नगर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। 36 घंटे के निर्जला व्रत का पालन कर रही व्रती महिलाएं आज शाम डूबते भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए शहर के प्रमुख घाटों पर पहुंचेंगी। सूर्य उपासना के इस कठिन व्रत को लेकर जिले में जबरदस्त उत्साह है। वहीं, महापर्व के मद्देनजर शनिवार और रविवार को भी दिनभर शहर के बाजारों में खरीदारों की भीड़ लगी रही, जिससे देर शाम तक रौनक बनी रही। सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद, व्रती महिलाएं रातभर व्रत रखेंगी और अगले दिन यानी मंगलवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अंतिम अर्घ्य देंगी। इसे उषा अर्घ्य कहा जाता है। उषा अर्घ्य के बाद ही व्रत का पारण होगा। व्रती महिलाएं और श्रद्धालु महासमुंद के घाटों पर भोर से ही जुटना शुरू हो जाएंगे। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही इस महापर्व का विधिवत समापन होगा।

### घाटों पर जुटेगी आस्था की भीड़

छठ पूजा के तीसरे दिन, जिसे संध्या अर्घ्य भी कहा जाता है, व्रती महिलाएं अपने सूप, डाला और बांस की टोकरियों में फल, ठेकुआ, गन्ना, और अन्य पूजन सामग्री लेकर नगर के विभिन्न घाटों की ओर प्रस्थान करेंगी। नगर के महामाया तालाब घाट इस पर्व का मुख्य केंद्र होता है, जहां हर वर्ष श्रद्धालु जुटते हैं। तालाब के किनारे तक पहुंचने वाले रास्तों की साफ-सफाई और रोशनी की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### बाजार में देर शाम तक होती रही खरीदारी

नहाय-खाय और खरना के बाद व्रतियों को अब संध्या अर्घ्य के लिए विशेष पूजन सामग्रियों की आवश्यकता होती है। सेव, केला, नारंगी, शरीफा और विशेष रूप से पानी वाले नारियल की मांग सबसे अधिक है। छठ के विशेष प्रसाद ठेकुआ बनाने के लिए गुड़, आटा, और घी की खपत बढ़ गई है। बांस की टोकरी, मिट्टी के दीये, और पीतल के लोटे खरीदने वालों की भीड़ से बर्तन और पूजन सामग्री की दुकानें भरी रहीं। घाटों पर वेदी सजाने के लिए गन्ना और हल्दी के पौधों की भी बड़ी बिक्री हुई। कपड़े की दुकानों पर भी खासी भीड़ दिखी।

खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने शिक्षा संस्थान को प्रदान किए 4 ई-रिक्शा



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने शनिवार को राजभवन में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर को चार ई-रिक्शे प्रदान किए। उन्होंने राजभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपने स्वेच्छानुदान मद से चार ई-रिक्शे की चाबी वाहन चालकों को सौंपी और हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। इन वाहनों का उपयोग विभिन्न सरस्वती शिक्षा संस्थानों में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना सहित संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों के साथ मनाया दिवाली उत्सव



**रायपुर।** नगर माता बिन्नी बाई सोनकर गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय भाठागांव में पदस्थ समाजसेवी राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक बिहारी लाल शर्मा ने अपनी शाला में शनिवार को विद्यार्थियों के साथ मिलकर शाला के प्रत्येक कमरे बरांडे एवं गेट पर मिट्टी के दीए जलाए। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर अनारदाना, चकरी, फूलझड़ी एवं अन्य पटाखे फोड़े। इसके बाद शिक्षक द्वारा सभी विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया एवं विद्यार्थियों ने आपस में एक-दूसरे से मिलकर दिवाली की शुभकामनाएं दीं।

### कबाड़ सामग्री की नीलामी 30 को

**रायपुर।** कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के कार्यालयों के कबाड़ हो चुकी सामग्री की नीलामी होगी। रेडक्रास भवन में 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होने वाली इस नीलामी में कोई भी हिस्सा ले सकता है। इस नीलामी में सबसे अधिक बोली लगाने वाले को सामग्री बेची जाएगी। कलेक्टरोरेट की नाजिर शाखा अनुपयोगी सामग्री की सार्वजनिक नीलामी करने जा रही है। इस नीलामी में फर्नीचर, लोहा एवं प्लास्टिक, रबर श्रेणी की वस्तुएं शामिल हैं। इनमें फर्नीचर में 7 चेयर (गद्दा वाली), 9 चेयर (केनिन वाली), 2 दरवाजा, 4 टेबल, 1 कांच लगी रैक, लोहा की वस्तुओं में 3 चेयर, 4 टेबल, 1 फोटो कॉपी मशीन, प्लास्टिक-रबर सामग्री में 30 टायर हैं। इन सभी सामग्री के लिए बोली लगवाई जाएगी। नीलामी में जिसकी बोली सबसे अधिक रहेगी उसे सामग्री बेची जाएगी। अफसरों ने बताया कि नीलामी में जिसे भी सामग्री बेची जाएगी, उसे तत्काल बोली की रकम जमा कराना होगा तथा अपने व्यय पर सामग्री का उठाव करना होगा।

# खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज का शपथ ग्रहण, छात्रों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

जय खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह मंगल भवन खलारी में हुआ। इस अवसर बागबाहरा तहसील अध्यक्ष एवन साहू ने सभी नवनिर्वाचित व मनोनित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जहां समारोह के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। प्रमुख अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष धरमदास साहू ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महासमुंद भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विशेष अतिथि बागबाहरा तहसील साहू संघ के अध्यक्ष एवन साहू, बागबाहरा तहसील साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष भेखलाल साहू, जय खल्लारी परिक्षेत्र के संरक्षक सेवाराम साहू, तहसील साहू संघ बागबाहरा पूर्व अध्यक्ष भुवनलाल साहू, जय खल्लारी परिक्षेत्र पूर्व अध्यक्ष देवक राम साहू, जय खल्लारी परिक्षेत्र पूर्व अध्यक्ष चमनलाल साहू, सलाहकार सेवक राम साहू, ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेंद्र साहू, ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू उपस्थित रहे।

अतिथियों ने सर्वप्रथम खल्लारी स्थित भक्त माता कर्मा मंदिर में पूजा अर्चन किया गया। तत्पश्चात उन्हें राउत नाचा से स्वागत करते हुए माता राऊर तक लाया गया। माता राऊर में माता खल्लारी के दर्शन कर सभी अतिथिगण मंगल भवन शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। जहां तैलिक कुल के आराध्य देवी भक्त माता कर्मा के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन व विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं इस दौरान बालिका अनीता एवं उनके साथियों ने छत्तीसगढ़ राज गीत और स्वागत गीत प्रस्तुत किए। शपथ ग्रहण समारोह में तहसील साहू संघ बागबाहरा के अध्यक्ष एवन साहू द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अध्यक्ष चंदूलाल साहू, उपाध्यक्ष अलखराम साहू, ममता संजय साहू, संगठन सचिव हेमन साहू, भुनेश्वरी पुरुषोत्तम साहू एवं समस्त मनोनीत पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभा को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि साहू समाज से मुझे हमेशा प्रेम और सम्मान मिला हैं। यह एक विकसित जागरूक समाज है। जिसका सभी समाज अनुकरण करते हैं। प्रमुख अतिथि चुन्नीलाल साहू ने साहू समाज और खल्लारी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को सब के समक्ष रखा। धरमदास साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समाज में किए गए नवाचार संबंध में सबको अवगत कराते हुए धर्मांतरण एवं लव जिहाद से सबको सचेत रहने की बात कही। वहीं कार्यक्रम को महासमुंद भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, बागबाहरा तहसील अध्यक्ष एवन साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष भेखलाल साहू, ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेन्द्र कुमार साहू ने भी संबोधित किया। आयोजन में परिक्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को डेरहा राम साहू स्मृति पुरस्कार के तहत प्रशस्ति पत्र और नगद प्रोत्साहन राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही परिक्षेत्र के वरिष्ठजनों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन युगलकिशोर साहू एवं आभार प्रदर्शन परिक्षेत्र अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने किया।



कार्यक्रम में खोरबाहरा साहू, कलाराम साहू, सुखरुराम साहू, नवनियुक्त सचिव सारकेश साहू, सखाराम साहू, वेणु साहू, विष्णु साहू, कमरौद के सरपंच भारती साहू, चुरकी के सरपंच सावित्री साहू, बिंदु साहू, दुरपती साहू, सदाराम साहू, सुरमाल परिक्षेत्र अध्यक्ष दुबेलाल साहू, सिंघी परिक्षेत्र के अध्यक्ष नोहर साहू, जयप्रकाश साहू, गोपाल साहू, मनोज साहू, बृज साहू, केशव साहू, लालजी साहू, भास्कर साहू, बीके बाहरा सरपंच खेमराज साहू, भारतलाल साहू, तेजराम साहू, सेवाराम साहू, ताम्रराज साहू, कन्हैया साहू, पुनाराम साहू, रोशन साहू, पुरुषोत्तम साहू, संजय साहू, शांत साहू, माधो साहू, राजेंद्र साहू, टिकेश साहू, धनेश्वर साहू, खिलेश साहू, महेंद्र साहू, प्रमोद साहू, प्रहलाद साहू, द्वारिका साहू, होमन साहू, शेखर साहू, अभिषेक साहू, गौतम साहू, भारत साहू, तिलक साहू, खिलेंद्र साहू, गजानंद साहू, राजेंद्र, खूबलाल साहू, देवनारायण साहू, देवसिंह साहू, खेमराज साहू, गया साहू, रूपचंद साहू, लोमेश्वर साहू, पवन साहू, यादराम साहू, डागेश्वर साहू, माखन साहू, हरिराम साहू, गौरीशंकर साहू, उत्तरा साहू, ममता साहू, दुर्गेश साहू, ताराचंद साहू आदि उपस्थित रहे।

### आयोजन में छात्र-छात्राएं सम्मानित

समारोह में हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों जो बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें डेरहा राम साहू स्मृति पुरस्कार से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परिक्षा में गोपिका साहू (खुटेरी), ओम साहू (कमरौद), आकाश साहू (हाड़ाबंद), षष्ठी साहू (परसदा), हायर सेकेंडरी स्कूल में भी उत्कृष्ट परिणाम गरिमा साहू (नवागांव), चंचल साहू (कमरौद), कुमकुम साहू (हाड़ाबंद) आदि को भी सम्मानित किया गया।

# बूथ स्तरीय बैठक में विकास सुरक्षा और संगठन सशक्तिकरण पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष बसना नरेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्राम शीतलपुर में भव्य बूथ स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जोश और उत्साह से भरे माहौल में नरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा की असली शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और जन-जन तक सरकार की योजनाओं का संदेश पहुंचाने पर बल दिया। नरेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं को गरीब, किसान और महिला सशक्तिकरण का आधार बताया। उन्होंने देश की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक राफेल डील और पाकिस्तान पर भारत की निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्र की गर्व की उपलब्धि बताया।

### राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा

राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार आमजन के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बैठक में विशेष रूप से महतारी वंदन योजना, चरण पादुका योजना, सरस्वती सायकल योजना और मुख्यमंत्री कौशल विकास मिशन की चर्चा हुई। इन योजनाओं ने महिलाओं, छात्राओं और युवाओं को आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण की नई दिशा दी है।

### संगठन सशक्तिकरण का संकल्प

नरेंद्र ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, जनता से सतत संवाद बनाए रखने और पार्टी की विचारधारा को हर वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान किया। मुख्य रूप से महामंत्री उर्मिला सरोज पटेल,दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष सरिता जगत, मंडल मंत्री अरुण स्वर्णकार, भाजपा वरिष्ठ नेता लहराम कर्ष, सरपंच पति दिलीप अजगले, प्रेमलाल, पिंकू यादव, समारोह यादव, मदन यादव समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वृद्ध महिला जर्जर झोपड़ी में रहने को मजबूर, पीएम आवास योजना से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत पतेरापाली में एक वृद्ध महिला जर्जर झोपड़ी में रहने मजबूर है। महिला अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित है। बता दें कि समाजसेवी मनोज पटेल ग्राम पंचायत पतेरापाली के एक वृद्ध महिला पानबाई पति प्यारेलाल 65 वर्ष जाति मरार पटेल वार्ड नं एक शांति नगर तरियापारा में हाल चाल जानने पहुंचे।

तब वृद्ध महिला ने बताया कि जर्जर आशियाना में जान जोखिम में डाल कर डर-डर कर रहने को विवश हैं। पटेल ने पीएम आवास नहीं मिलने तथा बेसहारा वृद्ध महिला की प्रशासन द्वारा अनदेखी पर सवाल उठाए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर गरीब परिवारों को रहने के लिए पक्का आवास दिया जा रहा है। लेकिन, यह विडंबना वास्तविकता देखा जाय तो ग्रामीण क्षेत्र के पंचायतों में जिन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की आवश्यकता है उसे लाभ नहीं मिल पा रहा है। खपरैल वाले मिट्टी के घरों में हर साल मरम्मत पॉलीथिन के सहारे लेना पड़ता है। वास्तविक प्रशासन को जमीनी हकीकत जानने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में उतारना चाहिए। यहां तो संपन्न लोगों को पीएम आवास मिला। लेकिन, गरीबों को आवास से वंचित होना पड़ रहा है। गरीब लेंटर छत वाले मकान में रहने सपना देख रहा है।



### ग्राम पंचायतों को दिया जाए अधिकार

कम से कम दस हितग्राही ऐसे जो कच्चे मकान में रह रहे हो, उन्हीं को पंचायत बैठक में प्रस्ताव कर पीएम आवास का लाभ मिल सके। ऐसे लोगों को हर वर्ष चिन्हांकित किया जाना चाहिए। 65 वर्षीय वृद्ध बेसहारा महिला का घर पूरी तरह से जर्जर सा हो गई है। ऐसी हालत में न जाने कब मलबा गिर न जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। बेसहारा वृद्ध महिला जाए तो कहां जाए। हर महीने 35 किलो चावल और 500 रुपए पेंशन से गुजारा करने विवश है। समाजसेवी मनोज पटेल ने तत्काल वृद्ध महिला को प्रशासनिक मदद दिलाने शासन-प्रशासन से मांग की है।

# वनांचल क्षेत्रों का विकास मेरी प्राथमिकता : विधायक चातुरी



**सरायपाली (ग्रामीण)।** क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम माकरमुता पहुंचीं। इस दौरान विधायक चातुरी नंद का ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य, गीत और फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष गांव की मूलभूत सुविधाओं विशेषकर माकरमुता से घाटकछार सड़क निर्माण, स्कूल भवन मरम्मत, सीसी रोड निर्माण , सामुदायिक भवन और कई अन्य मांग रखी।

ग्रामीणों की मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए विधायक चातुरी नंद ने ग्राम माकरमुता में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख की स्वीकृति की घोषणा की। साथ ही उन्होंने बताया कि माकरमुता से घाटकछार तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है, जिसे शीघ्र स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे गर्व है कि मैं आज हमारे वनांचल के भाइयों-बहनों के बीच हूं। सरकार की मंशा है कि समाज का कोई भी वर्ग विकास से वंचित न रहे। चाहे सड़क हो, बिजली, पानी, शिक्षा या स्वास्थ्य, हर सुविधा गांव-गांव तक पहुंचना मेरा संकल्प है। उन्होंने आगे कहा कि वन क्षेत्र के लोग हमारे समाज की ताकत हैं। आपके परिश्रम और सहयोग से ही क्षेत्र प्रगति की ओर बढ़ रहा है। मैं आप सबको विश्वास दिलाती हूं कि माकरमुता और आसपास के गांवों में विकास की गाड़ी अब तेज़ गति से चलेगी। सड़क और सामुदायिक भवन निर्माण से यहां के युवाओं, महिलाओं और किसानों को नई सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने विशेष रूप से महिलाओं और युवा समूहों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लेकर स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ाएं। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पहली बार इतने वर्षों बाद किसी जनप्रतिनिधि को उनके बीच प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं।

ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद दिया कि उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रुसबो बरिहा, सरपंच घाटकछार के प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि डॉ बिरांची बेताल, सरपंच प्रतिनिधि सिंघोड़ा तन्मय पंडा, सेंधु विशाल सरपंच बाँझापाली, सरपंच छिबर्रा वर्षा जशोवंत बरिहा, कमलेश साहू, अमित प्रधान, गणेश राम साहू मंटू बारीक़ आदि मौजूद रहे।

# क्लेम प्रोसेसिंग के लिए टीपीए जल्द, ऑडिट करने वाली एजेंसी का अब तक पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में निजी अस्पताल से आने वाले क्लेम प्रोसेसिंग के लिए थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेशन के लिए नई एजेंसी शीघ्र तय किए जाने की संभावना है। स्वास्थ्य योजना की स्टेट नोडल एजेंसी इस प्रक्रिया में जुटी है, मगर इसके पहले क्लेम को क्रास चेक करने संस्था तय करने का काम शुरू नहीं हो पाया है। इसकी वजह से जिला स्तर पर नॉन मेडिकल कर्मचारी मनमाने तरीके से ऑडिट कर रहे हैं।

संस्था नहीं मिलने की वजह से अगस्त में निरस्त की गई शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत निजी अस्पतालों से इलाज के बाद आने वाले भुगतान के दावों की प्रक्रिया पूरी करने टीपीए कंपनी तय करने के लिए प्रक्रिया सितंबर में पुनः शुरू हो गई है। एजेंसी तय करने का काम इस माह के अंतिम दिनों में पूरी होने की संभावना है। सूत्रों का मानना कि क्लेम प्रोसेसिंग का काम पूरा करने के लिए एजेंसी मिल जाएगी मगर इसके पहले अस्पतालों में जाकर किए गए इलाज के दावों की जांच करने डाक्टरों की व्यवस्था करने वाली संस्था तय करने का काम अब तक शुरू नहीं किया गया है।




### दबी जुबान में शिकायत भी

भुगतान के लिए आने वाले दावों की ऑडिट के लिए जाने वाली जांच टीमों के खिलाफ निजी अस्पतालों द्वारा दबी जुबान में शिकायत भी की जा रही है।आरोप यह भी है कि अस्पतालों तक पहुंचने वाले जांच अधिकारी केस की गंभीरता देखने के बजाए अपनी डिमांड पर ध्यान दे रहे हैं। राज्य में संचालित 90 फीसदी निजी अस्पतालों का संचालन आयुष्मान योजना के भरोसे हो रहा है। वहां पहुंचने वाले ज्यादातर मरीज इस योजना के हितग्राही है। वहीं कुछ बड़े अस्पतालों ने विवादों से बचने के लिए इस योजना से ही खुद को दूर कर लिया है।

# सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन कार्य बेहद सुस्त अनुबंध के ढाई साल बाद भी क्लीयर नहीं हुई साइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में सालों से दबे कूड़ा को निकालकर उसका वैज्ञानिक निष्पादन करने का ठेका लेने वाली एजेंसी समय पर अपना काम पूरा नहीं कर पायी है।

अनुबंध के ढाई साल बीतने के बाद भी ठेका एजेंसी अब तक साइट क्लीयर नहीं कर पाई है। अब तक 28 एकड़ में जमा कूड़ा की स्क्रीनिंग का काम ही हो पाया, बाकी के 10 एकड़ में दबे कूड़े को हटाने में समय ज्यादा लग रहा है। काम में सुस्ती को लेकर अनुबंधित एजेंसी को अब तक 2 दर्जन नोटिस दिया जा चुका है। साथ ही 1 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान भी रोका गया है।

सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में फैले 4 लाख 50 हजार मीट्रिक टन कूड़ा को वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने नगर निगम ने राज्य शासन के आदेश पर रायगढ़ की हिलब्रो मेटेलिक एंड आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड को जून 2023 में 12 करोड़ 64 लाख रुपये में ठेका दिया। अनुबंधित एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम पूरा करना था, पर अब तक अनुबंधित एजेंसी अपना काम पूरा नही कर पाई।



### 2 दर्जन नोटिस बेअसर

हैरानी की बात ये है कि नगर निगम ने रायगढ़ की जिस एजेंसी को सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन का ठेका दिया है। उसके काम की सुस्त रफ्तार को देखते हुए निगम प्रशासन 2 दर्जन नोटिस काम में तेजी लाने के लिए दे चुका है। इसके बाद भी अनुबंधित एजेंसी काम में अपेक्षाकृत तेजी नहीं ला सकी।

स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों ने एजेसी को संसाधन बढ़ाने की भी हिदायत दी, पर इसका असर देखने को नहीं मिला। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि डेढ़ साल में सिर्फ 1 करोड़ 50 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया, जबकि 1 करोड़ 20 लाख रुपये का भुगतान रोका गया है। साइट क्लीयर होने के बाद यहां सिटी फारेस्ट बनाने की योजना है।

# गोवर्धन पूजा महोत्सव मनाया गया गौमाता को खिलाई गई अन्नकूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

नगर के उड़िया पारा में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में गिरि गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी यादव समाज द्वारा गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से शुभारंभ किया गया। श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन पर्वत की विशेष पूजा एवं आरती की गई। क्षेत्र के साथ साथ प्रदेश एवं देश की ख़ुशहाली, सुख शांति, समृद्धि की कामना की गई। गौमाता की पूजा अर्चना कर अन्नकूट खिलाई गई एवं भगवान को भोग लगाकर सभी सामाजिक बंधुओं एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

उसके बाद यादव समाज के युवाओं द्वारा बाइक रैली कर नगर भ्रमण किया गया। दोपहर को भण्डारा का आयोजन किया गया। पश्चात यादव समाज के मातृशक्ति, बच्चों, युवा एवं बुजुर्गों द्वारा एक साथ उड़िया पारा टाउन हॉल से महारैली यादवमय होकर उत्साह के साथ नगर में निकाली गई। जिसमें राउत नाचा, घंट बाजा पार्टी, डीजे में भजन की धून के साथ आतिशबाजी करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से नाचते गाते हुए पूजा स्थल तक पहुंची। जहाँ पर सभी ने भगवान का दर्शन पूजन कर समाज द्वारा आयोजित किए गए महाप्रसाद कार्यक्रम में भोजन एवं प्रसाद ग्रहण किए। इस कार्यक्रम में यादव समाज के संरक्षक मनोरथ लाल यादव, संरक्षक रथराम यादव, मीडिया प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार यादव, उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव, युवा अध्यक्ष जय यादव, भरत यादव, करन यादव, प्रदीप यादव, निर्मल यादव, रामलाल यादव, संजय यादव, रिंकू यादव, जीतू मटारी, देवांशु यादव, मोनू यादव, लोकेश यादव, दीपक यादव, मोहन यादव, संजू यादव, प्रकाश यादव, गिरिधर यादव, बबलू यादव, विक्रम यादव,नारायण यादव, कैलाश यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, योगेश यादव, दिव्यकुमार यादव, तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अंबर यादव,दिनेश कुमार यादव, मयंक यादव मोंटी, शुभम यादव आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### छात्रों के लिए कैरियर गाइडेंस का आयोजन

**महासमुंद।** रविवार को राम जानकी मंदिर परिसर ग्राम लाफिनकला में ग्राम के उत्साही शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल और गोवर्धन प्रसाद साहू की पहल पर ग्राम के नवमी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



### मातर महोत्सव में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** स्थानीय आंबेडकर चौक के समीप गौरा चौरा के पास यादव समाज द्वारा मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने पूजा अर्चना कर यादव भाइयों के साथ राउत नाच भी किया। इस अवसर पर अध्यक्ष साहू ने कहा कि मातर जैसे लोकपर्व हमारी संस्कृति की पहचान हैं। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे को बढ़ाते हैं। समाज द्वारा परंपराओं को जीवंत रखने का प्रयास किया जा रहा है व अनुकरणीय है। इस अवसर पर यादव समाज के लोग व नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### नपाउपाध्यक्ष ने यात्रियों से की मुलाकात

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के अंतर्गत महासमुंद जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग से जिलेभर से 346 लोग काशी विश्वनाथ, प्रयागराज दर्शन के लिए 27 अक्टूबर को रवाना होंगे। इन दर्शनार्थियों को नगर पालिका के मांगलिक भवन में ठहराया गया है। व्यवस्था को देखने नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, भाजपा नेता शरद मराठा मांगलिक भवन पहुंचे। सभी यात्रियों से कुशलक्षेम पूछा गया। भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था की भी जानकारी ली। 27 अक्टूबर को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं भाजपाइयों द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। शासकीय चिकित्सकों द्वारा यात्रियों का मेडिकल चेकअप भी किया गया।

# भाजपाइयों ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलग-अलग क्षेत्रों व मुद्दों पर चर्चा की

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बूथ क्रमांक 193 बीटीआई शक्ति केंद्र विधायक कार्यालय में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस बार भी प्रधानमंत्री ने अलग-अलग क्षेत्रों व मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा नेता रमेश साहू, प्रकाश शर्मा, माखन पटेल, हनीश बग्गा, अभिषेक पांडे, शरद राव, शंकर लाल सोनवानी उपसरपंच बम्हनी, दुकालू राम साहू, रामेश्वर पटवा, आरके सेन, अजय सिन्हा, विजय सिन्हा, टीका राम सिन्हा, लोक नाथ निषाद, चिनेश कांत, प्रमोद ध्रुव, सुरेश कुमार साहू, प्रशांत शर्मा, बूथ अध्यक्ष गोपी कन्नौजे और अन्य उपस्थित थें।



### सरदार पटेल की 150वीं जयंती और रन फॉर यूनिटी

सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती के संबंध में कहा कि सरदार पटेल आधुनिक समय में देश के सबसे महान व्यक्तियों में से एक रहे हैं। गांधीजी से प्रेरित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित कर दिया।

## देश को सशक्त, समृद्ध और आधुनिक राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे प्रधानमंत्रीः चंद्रहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 127वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष (राज्यमंत्री) ने कार्यकर्ताओं के साथ बूथ क्रमांक 187 के वार्ड क्र. 6 में पार्षद सीता डोंडेकर के निवास पर सुना। इस अवसर पर पार्षद सीता डोंडेकर, वार्डवासी लक्ष्मी साहू, लक्षणी देवांगन, रूखमणी सिन्हा, पुरइन विश्वकर्मा, हेमलता सोना, मीना पाठक, मधु डोंडेकर, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री व वार्डवासी उपस्थित रहे।



# आस्था से भरपूर छठ पर्व, लेकिन झलप में पूजा स्थल की साफ-सफाई पर उठे सवाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

आस्था और विश्वास का महापर्व छठ पूजा इन दिनों पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। झलप क्षेत्र में निवासरत बिहार मूल के करीब 8 से 10 परिवार वर्षों से यहां रह रहे हैं, जो परंपरागत रूप से इस पर्व को मनाते आ रहे हैं। सूर्य उपासना का यह पर्व भक्ति, संयम और स्वच्छता का प्रतीक माना जाता है। लेकिन, इस बार श्रद्धालुओं की भावना को ठेस पहुंची है, क्योंकि जिस तालाब के घाट पर हर वर्ष छठ पूजा की मुख्य आराधना होती है, वह गंदगी से अटा पड़ा है। जलकुंभी, प्लास्टिक और कचरे के कारण श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में टैक्स तो सभी से वसूला जाता है, लेकिन साफ-सफाई की जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही बरती जा रही है। उनका कहना है कि आस्था के इस पर्व पर प्रशासन और पंचायत को विशेष सफाई व्यवस्था करनी चाहिए। ताकि, श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के पूजा कर सकें। "आस्था के इस पर्व में स्वच्छता भी उतनी ही जरूरी है," श्रद्धालुओं ने कहा। उन्होंने पंचायत से अपील की है कि तालाब घाट की तत्काल सफाई कराई जाए, ताकि छठ मैया की पूजा स्वच्छ और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हो सके।

## मिडिल स्कूल मैदान की गंदगी अब बनी गौवंश के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

दिवाली के बाद मिडिल स्कूल मैदान में फैली गंदगी अब गंभीर रूप लेती जा रही है। जहां बीते दिनों फटाका दुकानों के अवशेषों से मैदान पूरी तरह प्लास्टिक, पन्नियों और कचरे से पट गया था, वहीं अब यह गंदगी स्थानीय गौवंश के लिए खतरा बन गई है।




सुबह के समय मैदान में कई गायें इन पन्नियों और बचे हुए खाने के साथ प्लास्टिक सामग्री खाती देखी गईं। यह दृश्य चिंताजनक है। क्योंकि, प्लास्टिक उनके स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है और जानलेवा भी साबित हो सकता है। वहीं, दूसरी ओर बच्चे इसी मैदान में खेलने को मजबूर हैं। खेलते समय उनके आसपास बिखरे कचरे और पन्नियों से संक्रमण और बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और पंचायत को इस मैदान की तुरंत सफाई करानी चाहिए। ताकि, न केवल स्वच्छता बनी रहे बल्कि पशुओं और बच्चों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। लोगों ने मांग की है कि ऐसे सार्वजनिक स्थलों पर आयोजनों के बाद सफाई की जिम्मेदारी तय की जाए और संबंधित आयोजकों या दुकानदारों पर कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।



## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए पिथौरा से 53 श्रद्धालु रवाना

**पिथौरा (ग्रामीण)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत पिथौरा ब्लॉक से 53 श्रद्धालु शनिवार को पवित्र यात्रा के लिए रवाना हुए। जनपद परिसर से श्रद्धालुओं को जनपद अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा, विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरूषोत्तम घृतलहरे, भाजपा नेता सीताराम सिंहा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिलोचन नायक, किशोर बघेल एवं राकेश पटेल, सतीश ध्रुव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रद्धालुओं को प्रयागराज, काशी विश्वनाथ और सोया हनुमान जी के दर्शन कराए जाएंगे। श्रद्धालुओं में धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

# पूर्व संसदीय सचिव ने लगाए गंभीर आरोप, कहाः सरकार को कम धान खरीदना पड़े इसलिए, धान ख़रीदी देर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- धान खरीदी में देरी के चलते अर्ली वेरायटी के फसलों को औने-पौने दाम पर बेच रहे किसान, बीते साल 9 हजार हुए थे बेचने से वंचित

महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की मांग शासन से की है। उन्होंने कहा कि अर्ली वेरायटी के फसलों की कटाई शुरू हो चुकी है। किसान खेतों से धान की कटाई कर रहे हैं। अनेक किसानों के पास उपज रखने की व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों, आंगन व गलियों में धान रखकर रखवाली करने विवश हो रहे हैं। ऊपर से बारिश का खतरा भी मंडरा रहा है। ऐसे में किसानों को फसल की सुरक्षा को लेकर चिंतित होना पड़ रहा है। अनेक किसान तो फसलों को औने-पौने दाम पर दुकानों में व बिचौलियों को बेच रहे हैं। 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने पर अर्ली वेरायटी के फसलों की अच्छी कीमत किसानों को मिल सकेगी।

चंद्राकर ने भाजपा की सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि जब से राज्य बना है तब से 1 नवंबर से ही धान खरीदी की जाती है। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने भी पूरे 5 साल 1 नवंबर को ही धान खरीदी की। लेकिन, वर्तमान साय सरकार जान-बूझकर 15 दिन देर से धान खरीदी करने बात कह रही है। ताकि, कम धान खरीदना पड़े। पिछले वर्ष भी सरकार की लेट लतीफी के कारण 9 हजार किसान धान बेचने से वंचित हो गए थे। इस बार भी सरकार यही प्रक्रिया अपना रही है। ताकि, पुनः हजारों किसान धान बेचने से वंचित हो जाए। भाजपा की सरकार ने शुरू से किसान विरोधी नीति अपनाकर किसानों को परेशान करने का काम किया। खरीफ सीजन शुरू होने से पूर्व ना ही किसानों को यूरिया उपलब्ध कराई और ना ही डीएपी। व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी दुकानों में खाद-बीज उपलब्ध नहीं कराया गया। 260 का यूरिया मजबूरी में हजार से 12 सौ रुपए प्रति बोरी खरीदने की विवशता सामने आई। डीएपी का भी यही हाल रहा। पूरे सीजन भर किसानों को कहीं भी डीएपी उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं, व्यापारियों को कालाबाजारी करने का खुलेआम छूट भाजपा ने दी। जैसे - तैसे किसान फसल तैयार कर कटाई कर रहे हैं। तब भंडारण की समस्या सामने आ रही है। मजबूर होकर गांवों में किराना दुकानों तथा कोचियों को 15 से 17 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान बेच रहे हैं।



पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि समितियों में धान खरीदी की तैयारी भी शुरू नहीं हो पाई है, बारदानों की क्या स्थिति है, इससे सरकार को कोई सरोकार नहीं दिख रही। सहकारी समिति के कर्मचारी भी चरणबद्ध आंदोलन करने की बात कह रहे हैं।

ऐसी स्थिति में केवल किसानों को ही उपज बेचने परेशान होना पड़ेगा। मजबूरी में औने-पौने दाम में कोचियों को धान बेचेंगे तथा बाद में वही कोचिए उसी धान को अधिक दाम समर्थन मूल्य पर बेचकर लाभ उठाएंगे। यह सरकार केवल उद्योगपतियों, व्यापारियों व कालाबाजारी में शामिल लोगों को संरक्षण देने का कार्य कर रही है। किसानों की समस्या से यदि सरकार को सरोकार होता तो 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की दिशा में अब तक कार्य हो जाता।

# बेलटुकरी में नशामुक्ति अभियानः बनाने, बेचने और पीने वालों पर लगेगा जुर्माना

## गांव की महिलाओं ने की पहल, भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने किया समर्थन देते हुए सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विकासखंड के बेलटुकरी पंचायत के अमावस में एक प्रेरणादायी तस्वीर देखने को मिली। जहां ग्रामीणों ने नशे के दुष्प्रभाव को समझते हुए सामूहिक रूप से नशामुक्ति अभियान की शुरुआत की। गांव में रैली निकालकर लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया गया। इस दौरान सभी ने मिलकर नशा छोड़ने और नशामुक्त समाज बनाने की शपथ भी ली। ग्रामीण नशे के खिलाफ खुलकर आवाज बुलंद कर रहे हैं और लोगों से नशे को त्यागने की अपील कर रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी तय किया कि गांव में अब शराब बनाने और पीने वालों पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। उनकी यह सकारात्मक पहल आने वाली पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

ग्रामीणों का कहना है कि हमारा गांव, जो नशे की गर्त में डूब रहा है। मदिरा सेवन से इसी गांव के कई लोग सड़क दुर्घटना में असमय काल के गाल में समा गए। महिलाओं का कहना है कि नारी शक्ति गांव में किसी को देसी शराब बनाने बेचने नहीं देंगी और न ही पीने देंगी। शराब पीने वालों को समझाया जाएगा। सुनीता ने कहा कि गांव की महिलाएं अब शराब के खिलाफ एकजुट हो चुकी हैं, जो भी व्यक्ति गांव में शराब बनाते, बेचते या पीते हुए पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आर्थिक दंड के साथ-साथ जेल भेजने की भी व्यवस्था की गई है।



### शराब से बिगड़ते बच्चे और परिवार

स्थानीय निवासी सावित्री ने कहा कि गांव में बच्चों की पढ़ाई पर शराब का गहरा असर पड़ रहा है। कई माता-पिता नशे की चपेट में आकर अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, जिससे बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। इसी वजह से महिलाओं ने नशा मुक्ति मुहिम की शुरुआत की है ताकि आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य दिया जा सके।

### ग्रामीणों का समर्थन

ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्णय आम जनता की सोच का परिणाम है। इस विषय पर सचिवालय बैठक में भी चर्चा की गई थी और यह माना गया कि लोगों के भविष्य को सुधारने के लिए शराबबंदी जरूरी है। ग्रामीणों ने इस पहल को सराहनीय बताया है और नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने लिए पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

### सामाजिक सुधार की दिशा में कदम

ग्रामीणों के अनुसार शराब की वजह से न केवल बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही थी, बल्कि स्वास्थ्य और जीवनशैली पर भी बुरा असर पड़ रहा था। लोगों की दिनचर्या असंतुलित हो रही थी और पारिवारिक माहौल भी बिगड़ रहा था। ऐसे में ग्राम अमावश की जनता ने एकजुट होकर यह ठोस कदम उठाया है।

### ग्रामीणों की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क में विभिन्न जगहों पर छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इस सड़क से आवागमन खतरनाक हो गया है। रोज आए दिन एक्सीडेंट होता रहता है। जनहित को देखते हुए भोरिंग से अछोली से बेलटुकरी, अमावस रोड बनाने का शासन प्रशासन से मांग की है। साथ ही गांव में बने पानी टंकी को जल्द से जल्द चालू करने की मांग की है।

# 5 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए मिली मंजूरी

## शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य में जल्द ही 5 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। इन पदों के लिए वित्त विभाग ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इस पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है।



### बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों का किया था समायोजन

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े फैसले लिए हैं। कुछ माह पहले सेवा समाप्त 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों का सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन किया गया। इससे बर्खास्त हुए बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को राहत मिली है।

# योग आयोग अध्यक्ष का खल्लारी में किया गया स्वागत

**खल्लारी।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का ग्राम बोईरगांव आगमन पर आंवराडबरी रेस्ट हाउस में स्वागत किया गया। यह स्वागत समारोह भारतीय जनता पार्टी खल्लारी मंडल के महामंत्री ताराचंद देवांगन के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक हुआ।

ज्ञातव्य हो कि अध्यक्ष सिन्हा अपने एक निजी पारिवारिक कार्यक्रम में बोईरगांव आए हुए थे। आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन एकत्र हुए और उनसे भेंट कर उनका स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में डॉ. किशोर सिन्हा, प्रकाश चंद्राकर, योग शिक्षक नंद कुमार निषाद, सहकारी समिति अध्यक्ष पप्पू सांवरा, बूथ अध्यक्ष कीर्तन साहू, किसान मोर्चा महामंत्री पूरन सबर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरीश चंद साहू, बूथ अध्यक्ष खिलेश साहू, मीडिया प्रभारी तुकाराम सिन्हा, सूरज साहू, लेखराज साहू सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।अध्यक्ष सिन्हा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा योग को जन-जन तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा को संतुलित करने का विज्ञान है। उन्होंने कहा कि योग हमारे प्राचीन भारत की अमूल्य धरोहर है, जिसे आधुनिक जीवनशैली में अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने उपस्थित युवाओं और ग्रामीणजनों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्रतिदिन योगाभ्यास करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य योग आयोग द्वारा आगामी महीनों में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## महांती समाज का हुआ दीपावली मिलन

**महासमुंद।** भाई दूज पर्व पर छग करण महांती समाज, मां तारिणि महिला मंच एवं महांती युवा मंच के सदस्यों ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया। सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम चित्रांश बंधुओं ने अपने इस्ट देव चित्रगुप्त की विधि विधान से पूजा अर्चना की। विदित हो कायस्थ लोगों के इस्ट देव चित्रगुप्त की पूजा पूरे देश में कार्तिक शुक्ल पक्ष दूज को की जाती है एवं भाई दूज मनाया जाता है। कार्यक्रम के अगले चरण में समाज की सभी बहनों ने अपने-अपने भाइयों की कलाइयों में रक्षा सूत्र बांधा। तत्पश्चात समाज के नन्हें बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। माही पटनायक ने मनमोहक ओड़ीसी नृत्य प्रस्तुत किया। परी महांती ने रिमिक्स गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। दीपावली के संदर्भ में क्विज कार्यक्रम किया गया। जिसमें दीपावली से संबंधित कहानी व मान्यताओं की जानकारी प्राप्त हुई, नये नये मनोरंजक खेल का आयोजन हुआ। समाज के नामी कलाकारों चंदन सरकार, रजत महांती, संजय महांती, रश्मि महांती, प्रकाश महांती ने अपने गीतों की प्रस्तुति दी। इस रंगारंग कार्यक्रम की शोभा के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में समाज के वर्तमान पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठ जनों ने सम्मान किया। समाज के वरिष्ठजनों में किशोर चंद महांती, प्रतापचंद महांती, राज किशोर महांती, मनोहर महांती, समाज के अध्यक्ष संजय महांती, महिला अध्यक्ष शस्मिता पटनायक आदि मौजूद रहे।

**बैठक :** आगामी रणनीति पर चर्चा, कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प, हर घर तक पहुंचाएंगे पार्टी का संदेश

# विधायक संपत ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, आगामी कार्ययोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सांकरा स्थित समरसता भवन में भारतीय जनता पार्टी मंडल सांकरा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक एवं भेंट मुलाकात की। यह बैठक आगामी कार्य योजनाओं को अंतिम रूप देने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के विकास और जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की और भविष्य की रणनीति पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने बैठक में आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और आपकी निष्ठा, लगन एवं समर्पण ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और प्रत्येक पात्र नागरिक को उनका लाभ मिले। आगामी समय में, हमें 'जन-जन तक पहुंच' के सिद्धांत पर काम करना है। प्रत्येक बूथ पर संगठन की सक्रियता और जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें अपनी सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और नीतियों को प्रभावशाली ढंग से जनता के सामने रखना है।



सांकरा मंडल की बैठक में संगठनात्मक मजबूती, विधायक डॉ संपत अग्रवाल बोले-संगठन की मजबूती ही विजय की कुंजी

उन्होंने आगे कहा कि मेरा आपसे आग्रह है कि आप सभी आपसी समन्वय और एकजुटता बनाए रखें। किसी भी चुनौती का सामना सामूहिक रूप से और सकारात्मक सोच के साथ करें। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी मेहनत और समर्पण ही प्रदेश और देश के विकास में हमारी सहभागिता को सिद्ध करता है। हमें आगामी सभी चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए अभी से कमर कसनी होगी। प्रत्येक कार्यकर्ता को संकल्प लेना होगा कि वह अपने क्षेत्र में पार्टी की विचारधारा और संदेश को प्रभावी रूप से फैलाएगा। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें दूर करने का हर संभव प्रयास करें। आपकी सक्रियता ही पार्टी की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे संगठन के अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जनता के बीच पार्टी की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएं। बैठक में मंडल के सभी प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने विधायक के मार्गदर्शन पर कार्य करने का संकल्प लिया। यह बैठक सांकरा मंडल में भाजपा की आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाली साबित हुई।

# जर्जर हो चुके भवन के पुनर्निर्माण के लिए विधायक को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शहर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष


- पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुगराज बघेल एवं मोहल्लेवासियों ने की विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात

जुगराज बघेल एवं मोहल्लेवासियों द्वारा वार्ड नंबर 11 बाजारपारा स्थित जर्जर हो चुके दुर्गा भवन के पुनर्निर्माण के लिए खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। बघेल ने विधायक को दुर्गा स्थापना के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि आज से 51 वर्ष पूर्व ( 1974 ) में हमारे मोहल्ले के बुजुर्गों द्वारा बांस बल्ली गड़ाकर 2 रुपए 25 पैसे में दुर्गा मूर्ति खरीद कर स्थापना किया गया था। यह बांस बल्ली गड़ाने का सिलसिला वर्षों तक चलने के बाद लगभग सन्‌ 2000 में शासन के सहयोग से दुर्गा भवन का निर्माण करवाया गया,जो आज वर्ष तक जर्जर स्थिति में है।



बघेल द्वारा बताया गया कि हमारे मोहल्ले का एकमात्र दुर्गा भगवान जिसका उपयोग धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए किया जाता है, जिसके छत और दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी है। बरसात के दिनों में पानी टपकने लगता है, जिससे भवन के अंदर बैठना मुश्किल हो जाता है तथा छत कभी भी दल सकता है, जिसे जान माल का नुकसान होने का खतरा बना हुआ है। भावुक होकर बघेल आगे बताते हैं कि यह भवन हमारे लिए एक इमारत नहीं बल्कि हमारी आस्था और संस्कृति का केंद्र है। यहां सभी महत्वपूर्ण त्योहार गणेश उत्सव, गौरा गौरी और खासकर दुर्गा पूजा बड़े उत्साह के साथ मनाए जाते हैं एवं भवन की ऐसी स्थिति हम मोहल्लावासियों के लिए चिंता का विषय है। यह सुनते ही विधायक ने कहा कि मेरे होते हुए चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, और मैं आप सभी से वादा करता हूं कि अप्रैल 2026 से आपके भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिसके बाद जुगराज बघेल, गंगारामयादव, हबेलाल यादव, मनोज चिमनानी, भगत बघेल, पृथ्वीराज बघेल, पुरन दीप, रामनारायण बघेल, यशवंत बघेल, स्वरूप महानंद, सुमित बघेल, छोटू जगत, अनु सोनवानी, खुबीराम मोंगरे, बल्लू पांडे, राहुल पांडे, किशोर मोंगरे, छोटू सोनवानी, धनीराम जगत, बल्ला महानंद, देवकिशन डोंगरे एवं समस्त मोहल्लेवासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



स्व. श्री चोवाराम साहू जी

जन्म-27.11.1944 | स्वर्गवास-23.10.2025

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः ।।

आज दशगात्र

विधि के विधान के आगे नतमस्तक होकर आपको सूचित करते हैं कि हमारे पिता **श्री चोवाराम साहू** का स्वर्गवास दिनांक-23/10/2025, गुरूवार को हो गया है। अतः निम्न कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान करें।

-कार्यक्रम-

दशगात्र

दिनांक-27/10/2025 सोमवार
कार्य स्थल : रेस्ट हाउस के पास
वार्ड नं. 2 बागबाहरा

शोकाकुल परिवार-मनोज, शेखर, ओंकार (भतीजा) राहूल, विनीत, दिव्यानंद, वासुदेव, कान्हा, वात्सल्य (नाती), तिलक साहू, अनिल साहू (दमाद) नोबल साहू (नाती दमाद) मुकेश, जितेश, उमेश श्रीकांन्त

-विनीत-

सुखिया बाई साहू (पत्नि) लालाराम साहू (छोटे भाई) डूनेश्वर साहू (पुत्र) पूर्व पार्षद
एकेश्वर साहू (पुत्र) नोटरी /अधिवक्ता,तिरथ साहू (पुत्र) अधिवक्ता

टीप - जिन किसी स्नेहीजनों को शोकपत्र नहीं प्राप्त हुआ हो कृपया इसे ही सूचना जाने।